समाचार

# गोकुलनगर गोठान का होगा जीर्णोद्धार, बायो गैस संयंत्र होगा चालू

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पहुंचे गोकुलनगर, गोठान का किया सघन निरीक्षण, व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने हेतु आवश्यक निर्माण कार्य कराने, बंद पड़े बायो गैस संयंत्र को चालू करने की त्वरित कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश )



कोरबा 29 जुलाई 2025 –गोकुलनगर स्थित नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संचालित गोठान का अब जीर्णोद्धार कर उसे पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया जाएगा, इसके साथ ही गोठान परिसर में स्थापित बायो गैस संयंत्र को भी चालू कराया जाएगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रातः भ्रमण के दौरान गोकुलनगर पहुंचकर गोठान का निरीक्षण किया तथा उक्त व्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने गोकुलनगर के निवासियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय आज अधिकारियों की टीम के साथ सुबह–सुबह गोकुलनगर पहुंचे, उन्होने वहॉ पर स्थित गोठान का सघन रूप से निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा गोकुलनगर में गोठान का संचालन किया जा रहा है, जहॉ पर मवेशियों के ठहराने व उनके खाने–पीने का प्रबंध किया गया है, शहर की सड़कों में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाकर उक्त गोठान में ही रखा जाता है, वर्तमान में गोठान में 100 से अधिक मवेशी रखे गये हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोठान के निरीक्षण के दौरान पाया कि वर्तमान में वहॉ पर अपेक्षाकृत शेड की संख्या कम है तथा और अधिक संख्या में शेड लगाया जाना आवश्यक है, ताकि गोठान में रखे गये सभी मवेशियों के लिए पर्याप्त छायादार स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार शेड स्थापित किये जाएं तथा सुरक्षा के मद्देनजर बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व जीर्णोद्धार हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए, इसके साथ ही गोठान में अन्य मरम्मत व जीर्णोद्धार का कार्य करने एवं वहॉ की सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त किए जाने के निर्देश भी उन्होने अधिकारियों को दिए। यहॉ उल्लेखनीय है कि उक्त गोठान परिसर में

निगम द्वारा पूर्व में बायो गैस संयंत्र की स्थापना कराई गई थी किन्तु संयंत्र को प्रारंभ नहीं किया जा सका था, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त संयंत्र का निरीक्षण किया, की गई व्यवस्थाओं को देखा तथा संयंत्र को चालू करने के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**आर.पी.नगर की समस्याएं होंगी दूर** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर के पार्षद श्री अशोक चावलानी एवं अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड का सघन रूप से भ्रमण किया, वहॉ की समस्याओं को देखा तथा सभी प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–2 रेलवे लाईन के किनारे स्थित कालोनी में जलभराव की समस्या को दूर करने, वहॉ पर स्थित नाले की सफाई, आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य एवं नाले को रोड साईड पर कवर्ड करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि नाले के ओव्हरफ्लो होने के कारण होने वाले जलभराव को समाप्त किया जा सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने शिवाजीनगर की ओर पोड़ीबहार की तरफ जाने वाले मार्ग पर पक्की सड़क बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, वार्ड में स्थित कबीर आश्रम के पास स्थित शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा की कोशिश हो रही है, इसकी शिकायत प्राप्त होने पर उन्होने उक्त जमीन को सुरक्षित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। वार्ड के भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्डवासियों से भी भेंट मुलाकात की, सड़क, नाली, पानी, बिजली, स्ट्रीट लाईट आदि से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की तथा सभी समस्याओं के त्वरित निदान हेतु आवश्यक कदम उठाने अधिकारियों को निर्देशित किया। सुभाष चौक से आर.पी.नगर फेस–2 की ओर जाने वाले रोड डिवाईडर प्राणायाम स्ट्रीट की साफ–सफाई किए जाने, स्ट्रीट के अंतिम छोर में स्थित ओपनजिम व वहॉ पर स्थापित बच्चों के खेल उपकरण के स्थल को जाली से घेर कर सुरक्षित किए जाने व अतिरिक्त कमरा निर्माण के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**कटहल गार्डन की साफ–सफाई कराएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निहारिका क्षेत्रांतर्गत बैंक कालोनी के समीप स्थित कटहल गार्डन का निरीक्षण किया, यहॉ उल्लेखनीय है कि पूर्व में उजाड़ पड़े कटहल गार्डन को निगम द्वारा सुव्यवस्थित उद्यान का रूप दिया गया है, बारिश के दौरान उक्त उद्यान में उग आई घास, झाड़ियों व अन्य गारवेज की साफ–सफाई करने, उद्यान का सुव्यवस्थित रूप से संधारण संचालन किए जाने एवं उद्यान में स्थित ओपनजिम व अन्य मनोरंजक उपकरणों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण** – प्रातः भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने रिसदी रोड कोरबा, कोसाबाड़ी, सुभाष चौक निहारिका, राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–1 एवं फेस–2, निगम कालोनी, बैंक कालोनी, शिवाजी नगर, पोड़ीबहार, गोकुलनगर आदि सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर दिन को भी स्ट्रीट लाईट जलने तथा समय पर स्ट्रीट लाईट बंद न किए जाने पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जताई तथा समय पर स्ट्रीट लाईट बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, पार्षद अशोक चावलानी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, राजस्व निरीक्षक सुमित गुप्ता, उप अभियंता अश्वनी दास, रामू पाण्डेय आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।